पत्र संख्या–कल्याण–01–01–49–2024/ 213

बिहार पुलिस मुख्यालय,

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक,
सारण/रोहतास, बिहार।

पटना, दिनांक :– 18/10/2024

विषयः– **केन्द्रीय अनुकंपा समिति की अनुशंसा के उपरान्त आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है की पुलिस मुख्यालय एवं संलग्न कार्यालय के मृत पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–4229, दिनांक–23.05.2017, तद्नुसार पुलिस मुख्यालय के ज्ञापांक–6860/पी0–3, दिनांक–13.08.2017 के आलोक में केन्द्रीय अनुकंपा समिति की बैठक दिनांक –10.09.2024 को आयोजित की गई हैं। उक्त बैठक में समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में क्रमांक–1 से 2 तक के आवेदकों/आवेदिकाओं को उनके नाम के सामने कॉलम–06 में आवंटित कार्यालय में अनुकंपा के आधार पर सिपाही के पद नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया जाता हैं :–

क्र0 सं0	आवेदक का नाम/ मृतक से संबंध/कोटि	पिता/पति का नाम/पदनाम/ अंतिम पदस्थापन	जन्म तिथि	गृह जिला	आवंटित कार्यलय
01	02	03	04	05	06
01.	शिवम कुमार/पुत्र/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग	स्व0 प्रदीप कुमार/सिपाही/ अपराध अनुसंधान विभाग,बिहार, पटना	01.04.2005	रोहतास	**सारण**
02.	कुंदन कुमार/पुत्र/ पिछड़ा वर्ग	स्व0 सुभाष कुमार यादव/हवलदार /अपराध अनुसंधानविभाग,बिहार,पटना	11.04.1999	सारण	**रोहतास**

1. संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि आवेदकों की नियुक्ति से पूर्व उनकी जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अनियोजन प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करा लेने के पश्चात् भली भाँतिपूर्वक संतुष्ट होने के उपरान्त उनकी नियुक्ति हेतु नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई की जाय।
2. उपर्युक्त क्रमांक–1 से 2 तक के आवेदक का पुलिस मुख्यालय में रक्षित सभी कागजात मूल में आवेदकों की नियुक्ति हेतु आवंटित कार्यालय को भेजी जा रही हैं।

प्रस्ताव में पुलिस महानिदेशक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त हैं।

विश्वासभाजन,

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः–

1. पुलिस अधीक्षक(सी0), अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना को कृप्या सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रषित।
– अनुरोध है कि उपर्युक्त संबंधित आवेदकों का अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति संबंधी आपके कार्यालय में रक्षित अन्य कागजात/अभिलेख (पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराये गये कागजात/प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त) उनके नये आवंटित कार्यालय को अविलम्ब भेज दिया गया।

2. आई0टी0 मैनेजर, बिहार पुलिस मुख्यालय, पटना को सूचनार्थ एंव आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

18/10

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण),
बिहार, पटना।